(घ) ऐसी गतिविधि की आशंका वाली गाड़ियों के अनारक्षित सवारी डिब्बे प्लेटफार्म पर विधिवत रूप से मार्ग-रक्षण के अधीन और तालाबंद करके लाए जाते हैं।

(ii) प्रारंभिक स्टेशनों पर अनारक्षित यात्रियों का प्रवेश पंक्ति लगवाकर नियमित किया जाता है।

(iii) समय-समय पर लाइसेंसधारी भारिकों और अन्य समाजविरोधी तत्वों के विरुद्ध निवारक जांच की जाती है। नियम विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले लाइसेंसधारी भारिकों के लाइसेंस बैज निलंबित/समाप्त कर दिए जाते हैं। ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए गए अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध रेल अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिला छात्रावासों का निर्माण

†645. **श्री अजीत जोगी:**
श्री एस॰ एस॰ सुरजेवाला:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में राज्यवार और वर्षवार कितने महिला छात्रावास निर्मित किए गए;

(ख) इन ग्रामीण महिलाओं को उनसे क्या-क्या लाभ मिल रहे हैं;

(ग) क्या सरकार वर्ष 1996-97 के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे और छात्रावासों के निर्माण की मंजूरी देने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ कितना धन आवंटित किया गया है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस॰ आर॰ बोम्मई): (क) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत होस्टलों की संख्या विवरण में दी गई है (नीचे देखिये)।

(ख) ये परियोजनाएं होस्टल वाले शहरों में रोजगार-रत महिलाओं को चाहे वे देश के किसी भी हिस्से से आयी हो, उपयुक्त, सुरक्षित और सस्ता होस्टल आवास उपलब्ध कराने के लिए हैं।

(ग) और (घ) स्वीकृति पात्र संगठनों से स्कीम की पद्धति के अनुसार पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने पर निर्भर करती है। प्रत्येक राज्य के लिए अलग से लक्ष्य और राशि निर्धारित नहीं की जाती।

विवरण

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत कामकाजी महिला होस्टल

क्रम संख्या	राज्य का नाम	स्वीकृत होस्टलों की संख्या 1993-94	1994-95	1995-96
1.	आन्ध्र प्रदेश	-	1	-
2.	कर्नाटक	-	2	-
3.	केरल	1	2	4
4.	मध्य प्रदेश	1	-	-
5.	महाराष्ट्र	3	3	-
6.	मिजोरम	-	-	1
7.	उड़ीसा	-	1	-
8.	तमिलनाडु	-	13	4
9.	उत्तर प्रदेश	1	1	-
10.	पश्चिम बंगाल	-	-	1
	योग:	6	23	10

Technical assistance by UNDP

646. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether UNDP gives technical assistance to the Government on project/ programme basis in the agricultural sector;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) how many UNDP assisted projects/ programmes are currently being implemented in the State of Madhya Pradesh with details thereof?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI CHATURANAN MISHRA): (a) and (b) Yes, Sir. The United Nations Developmeni Programme (UNDP) gives technical assistance by supplying materials and equipment, training provide services of experts/consultants Organising of national and international workshops, fellowships, etc, through projects, programmes in various fields of agriculture.

(c) the Following two UNDP assistec projects are being implemented in Madhy; Pradesh, in addition to other States:

(i) Development and Strengthening o Integrated Pest Management (IPM) ir India; and

(ii) Development of Oilseeds and Pulse! Programme.